Need to depute adequate medical staff and provide essential facilities in Cancer Hospital in Bargarh, Odisha.-laid

श्री प्रदीप पुरोहित (बारगढ़) **:** मैं ओडिशा के विशेषकर बारगढ़ जिले में बढ़ते कैंसर मामलों और बारगढ़ कैंसर अस्पताल को शीघ्र पूर्ण रूप से कार्यशील करने की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । सरकारी आँकड़ों के अनुसार,ओडिशा में 2013 में कैंसर रोगियों की संख्या 43,210 थी,जो 2022 में बढ़कर 52,960 हो गई, जबकि कैंसर से मौतें 23,886 से बढ़कर 29,287 हो चुकी हैं । आईसीएमआर के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के अनुसार 2025 तक यह संख्या 55,000 से अधिक होने की संभावना है । पश्चिम ओडिशा के बारगढ़, संबलपुर, बलांगीर सहित जिलों में 202123 के बीच लगभग 22,000 नए मरीज सामने आए, जि नमें बड़ी संख्या इलाज के लिए राज्य से बाहर जाने को मजबूर है । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है और वर्तमान केंद्र सरकार सबका सा थ, सबका वि का स के संकल्प के साथ स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ कर रही है । इसी क्रम में, मेरी सरकार से मांग है कि 138 करोड़ रुपये से बने बारगढ़ कैंसर अस्पताल में शीघ्र सभी स्वीकृत पदों पर नियुक्ति कर PET-CT, रेडिएशन व आईसीयू जैसी सेवाएँ शुरू की जाएँ, ताकि पश्चिम ओडिशा के गरीब मरीजों को समय पर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके ।